इंदौर, शनिवार 16 मई 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 171
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650


राष्ट्रपिता को नमन...

## परिपक्व होता लोकतंत्र

**अक्षय की बात अपनों के साथ**



धार की भोजशाला को लेकर आया न्यायालय का निर्णय केवल एक कानूनी फैसला भर नहीं है, बल्कि यह उन आशंकाओं और आरोपों का भी उत्तर है जो लंबे समय से इस मामले को लेकर फैलाए जा रहे थे। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों, पुरातात्विक तथ्यों और ऐतिहासिक संदर्भों के आधार पर यह स्पष्ट किया कि भोजशाला का मूल स्वरूप मंदिर का रहा है तथा वहां पूजा-अर्चना की परंपरा को मान्यता दी जानी चाहिए।

इस निर्णय के बाद यह भी स्पष्ट हो गया कि न्यायपालिका ने किसी दबाव, भावना या राजनीतिक शोर के आधार पर नहीं, बल्कि तथ्यों और कानून के आधार पर अपना निर्णय दिया है। वर्षों से यह कहा जा रहा था कि इस मामले में यदि मंदिर पक्ष के पक्ष में कोई निर्णय आता है तो सामाजिक तनाव बढ़ सकता है या न्यायिक प्रक्रिया पक्षपाती कही जाएगी। लेकिन फैसले के बाद जिस प्रकार शांति और संयम बना रहा, उसने यह साबित कर दिया कि समाज अब संवेदनशील विषयों पर भी न्यायालय के निर्णय को स्वीकार करने की परिपक्वता रखता है। भोजशाला केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक रही है। माना जाता है कि यह स्थल विद्या, संस्कृति और मां वाग्देवी की उपासना का केंद्र रहा। ऐसे में अदालत द्वारा पूजा के अधिकार को सम्मान देना उन ऐतिहासिक तथ्यों की स्वीकृति भी माना जा रहा है, जिन्हें लंबे समय तक विवादों के कारण दबाने का प्रयास होता रहा।

इस पूरे प्रकरण में एक और महत्वपूर्ण बात सामने आई कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अंतिम विश्वास न्यायपालिका पर ही टिका होता है। जब भावनात्मक और राजनीतिक बहसें अपने चरम पर थीं, तब अदालत ने धैर्यपूर्वक सभी पक्षों को सुना और फिर निर्णय दिया। इससे न्याय व्यवस्था के प्रति आम नागरिक का भरोसा और मजबूत हुआ है। हालांकि, इस निर्णय के बाद समाज की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। किसी भी ऐतिहासिक या धार्मिक विवाद का समाधान टकराव नहीं, बल्कि संवैधानिक प्रक्रिया और आपसी सम्मान से ही संभव है। भोजशाला मामले में आया फैसला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन सकता है कि विवाद चाहे कितना भी पुराना क्यों न हो, उसका समाधान कानून और प्रमाणों के आधार पर ही होना चाहिए।

**अंततः यह निर्णय उन शंकाओं को निर्मूल साबित करता है जिनमें कहा जा रहा था कि न्यायालय तथ्यों की अनदेखी कर सकता है या विवाद के दबाव में आ सकता है। अदालत ने यह दिखाया कि भारत का लोकतंत्र अभी भी अपने संवैधानिक मूल्यों और न्यायिक संतुलन के साथ खड़ा है।**

### न्यूज ब्रीफ

- हैदराबाद : मलेशिया से आ रहे एयर एशिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी
- यूएई के बाद नीदरलैंड पहुंचे पीएम मोदी, एम्स्टर्डम में भव्य स्वागत
- अमेरिका ने इराक के एक नागरिक को पकड़ा, ईरानी आतंकी संगठन की मदद का आरोप
- तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में विदेशी नागरिकों के वोट डाले जाने के आरोप, ECI ने दिए जांच के आदेश
- लेबनान में इजरायल का भीषण हमला, 11 लोगों की मौत
- गृह मंत्री अमित शाह आज पश्चिम बंगाल में बीजेपी विधायकों से मुलाकात करेंगे

**शनि जयंती पर दी आहुतियां...**






इंदौर। शनि जयंती पर उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम पर शनि शांति यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ में शनिदेव के विभिन्न बीज मंत्र, तांत्रोक्त मंत्र और वैदिक मंत्र से आहुतियां दी जा रही है। फोटो : दैनिक इंदौर संकेत

# भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय टीम में मप्र की आहट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक को लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। जल्द ही नई राष्ट्रीय टीम को अंतिम रूप दिया जा सकता है। खास बात यह है कि इस बार मध्यप्रदेश की भूमिका पहले से ज्यादा मजबूत नजर आ रही है और कई बड़े नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलने की संभावना जताई जा रही है।




सबसे ज्यादा चर्चा संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति को लेकर है। इन दोनों शीर्ष इकाइयों में जगह मिलना किसी भी नेता के लिए बेहद प्रतिष्ठित माना जाता है। सूत्रों के मुताबिक कैलाश विजयवर्गीय और एक अन्य नेता का नाम प्रमुखता से सामने आए हैं। अगर इनमें से किसी को इन समितियों में शामिल किया जाता है, तो यह मध्यप्रदेश के राजनीतिक प्रभाव को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत करेगा। वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद के लिए नरोत्तम मिश्रा और राकेश सिंह को संभावित दावेदार माना जा रहा है। इसके साथ ही राष्ट्रीय महासचिव पद पर विष्णुदत्त शर्मा और कविता पाटीदार के नामों पर गंभीरता से विचार चल रहा है। इस बार पार्टी महिला नेतृत्व को भी बढ़ावा देने के मूड में दिख रही है, ऐसे में मध्यप्रदेश से किसी महिला नेता को महासचिव बनाए जाने की संभावना भी मजबूत मानी जा रही है। राष्ट्रीय मंत्री पद के लिए अरविंद भदौरिया और गौरव तिवारी के नाम चर्चा में हैं, जबकि राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर आशीष अग्रवाल और जीतू जिराती को लेकर अटकलें तेज हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामेश्वर शर्मा और भक्ति शर्मा के नामों पर भी विचार किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इस बार संगठन में बड़े स्तर पर संतुलन साधने की कोशिश हो रही है, जिसमें क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों को खास महत्व दिया जाएगा।

**आईडीए को मिलेंगे प्रतिमाह पांच लाख रुपए, बोर्ड बैठक में मिली मंजूरी**

# चेन्नई और पुणे के बाद इंदौर का आईएसबीटी बस स्टैंड भी संचालित करेगी ठेकेदार एजेंसी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा तीन सालों से आईएसबीटी बस स्टैंड संचालन के लिए ठेकेदार एजेंसी खोजी जा रही है। एजेंसी नहीं मिलने के कारण 80 करोड़ की लागत से बना बस स्टैंड शुरू नहीं पा रहा था, लेकिन अब आईडीए को एजेंसी मिल गई है, जो वर्तमान में चेन्नई और पुणे का आईएसबीटी बस स्टैंड का संचालन कर रही है। कल हुई आईडीए बोर्ड की बैठक में एजेंसी के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अनुसार एजेंसी आईडीए को 5 लाख रुपए प्रतिमाह देगी।



संचालक मंडल ने प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध भूखंडों का ईपीसी (इंजीनिय? रिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) मोड पर विकास कराने का निर्णय लिया। इसके लिए लगभग 60.98 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं में लोकल शॉप, आरसीएम और कन्वीनियंट शॉप जैसे निर्माण कार्य शामिल हैं। संचालक मंडल द्वारा तुलसी नगर पुलिया से योजना क्रमांक 134 स्थित वसुंधरा कॉम्प्लेक्स के सामने निर्मित सड़क तक मास्टर प्लान की 30 मीटर सड़क को चार लेन के स्थान पर छह लेन बनाने की मंजूरी दी गई। इस कार्य पर लगभग 70 लाख रुपए का अतिरिक्त व्यय होगा।

**आईएसबीटी संचालन के लिए एजेंसी तय**

बैठक में कुमेड़ी स्थित आईएसबीटी के संचालन एवं रखरखाव के लिए प्राप्त निविदाओं पर विचार किया गया। संचालक मंडल ने मेसर्स बीवीजी इंडिया लिमिटेड, पुणे की निविदा को स्वीकृति प्रदान की। इस निर्णय के बाद लंबे समय से लंबित आईएसबीटी संचालन का रास्ता साफ हो गया है। प्राधिकरण का मानना है कि आईएसबीटी शुरू होने से शहर की बस परिवहन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी तथा बाहरी जिलों और राज्यों से आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

**बंगाल में ईडी का 'ऑपरेशन क्लीन'**

# एक हफ्ते में ममता के तीन करीबियों पर गिरी गाज

**कोलकाता (एजेंसी)** • पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले सात दिनों के भीतर जिस तरह से पूर्व मंत्रियों और प्रभावशाली पुलिस अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई है, उसने राज्य की सियासत में 'सुनामी' ला दी है।



दरअसल राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जैसे-जैसे राज्य की सत्ता पर पकड़ कमजोर हो रही है, भ्रष्टाचार के पुराने 'काले चिट्ठे' एक-एक कर खुलने लगे हैं।

इस हफ्ते की सबसे बड़ी कार्रवाई 11 मई को हुई, जब ईडी ने ममता सरकार के पूर्व मंत्री और बिधाननगर के कद्दावर नेता सुजीत बोस को गिरफ्तार कर लिया। सुजीत बोस पर नगरपालिका भर्ती में करोड़ों के लेन-देन और अयोग्य उम्मीदवारों को नौकरी दिलाने का गंभीर आरोप है। बताते चलें 10 घंटे की मैराथन पूछताछ के बाद उन्हें साल्ट लेक स्थित दफ्तर से हिरासत में लिया गया। इस गिरफ्तारी ने टीएमसी के भीतर यह डर पैदा कर दिया है कि अगला नंबर किसका होगा?

**नगर निगम के सभी मार्केट सुधरेंगे, जर्जर दुकानों का होगा कायाकल्प**

# किराया वसूलने के साथ ही नगर निगम करवा रहा है सर्वे, नए मार्केट भी बनेंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • एक ओर नगर निगम जर्जर मार्केट को सुधारने का प्रयास कर रहा है। वहीं दूसरी ओर नए मार्केट निर्माण को लेकर भी तैयारियां की जा रही है परंतु अभी बजट को लेकर अभी संशय बना हुआ है। शासन की ओर से भी कोई नया नहीं हुआ है। इस मामले को लेकर आगे की रणनीति तय होना है। फिलहाल परेशानियां चल रही है। नए मार्केट के निर्माण के लिए भी टेंडर जल्द जारी होंगे और काम भी शुरू होंगे, ऐसा निगम का दावा है।

बताया जा रहा है कि नगर निगम इन दिनों मार्केट विभाग के अधीन अपनी दुकानों से किराया वसूलने का एक और काम कर रहा है तो दूसरी ओर जर्जर मार्केट का सर्वे भी किया जा रहा है। निगम नई मार्केट बनाने की तैयारी के साथ-साथ पुराने मार्केट को सुधार कर उनकी दुकानों को भी किराए पर देगा ताकि आमदनी हो सके। इसको लेकर पहले चरण में कई ऐसे मार्केट को भी चिन्हित किया है जिन्हें सुधारने का काम होगा और ऐसे 46 दुकानों को पहले चरण में सुधर जाएगा, रंगाई पुताई के साथ-साथ जहां मरम्मत की आवश्यकता है वहां मरम्मत कर फिर दुकानों को किराए पर दी जाएगी।



**जीत की मन्नत**

उज्जैन। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने आज सुबह महाकाल के दर्शन किए। गौरतलब है कि अगले माह टी-20 वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है।

# होटल के सामने खड़ी एसी बस में आग, मासूम जिंदा जला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**शाजापुर ( उज्जैन )** • शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार रात दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। इंदौर से ग्वालियर जा रही इन्टरसिटी एक्सप्रेस एयरकंडीशन बस में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। हादसे में शिवपुरी निवासी अभिषेक जैन का 4 वर्षीय मासूम बेटा अनय बस के भीतर ही जिंदा जल गया।




बस में सवार यात्रियों और चश्मदीदों के मुताबिक, सफर के दौरान बस में से लगातार वायरिंग जलने की बदबू आ रही थी। महिला यात्री मालती शर्मा सहित अन्य लोगों ने इसकी शिकायत बस चालक से भी की थी, लेकिन उसने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। रात करीब 12 बजे बस नेशनल हाईवे पर स्थित होटल जैन पथ पर रुकी। उस समय कुछ यात्री बस में बैठे हुए थे, जबकि कई यात्री नीचे उतरकर नाश्ता करने चले गए थे। करीब 5 मिनट बाद बस में आग लग गई। भगदड़ के बीच चार वर्षीय मासूम भीड़ में फंस गया। वह बाहर नहीं निकल सका।

## इंदौर में प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में आग : आसपास का क्षेत्र खाली कराया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर के धार रोड स्थित प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री डियो ड्रॉप एरिगेशन में शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसका काला धुआं और गुब्बार कई किलोमीटर दूर से देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया।



बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 6 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फायर कर्मी लगातार मशक्कत कर रहे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी थी।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, शनिवार 16 मई 2026

न्यूज ब्रीफ

## शनि महाराज फूल बंगले में विराजे, शनिवार को होगी महाआरती

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● लव कुश आवास विहार, सुखलिया स्थित शनि मंदिर में तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव के दूसरे दिन शनि महाराज फूल बंगले में विराजे। मंदिर के प्रमुख चंद्रकांत कुंजीर चंदू भैया, करण कुंजीर सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि तीन दिवसी शनि जयंती महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को शनि महाराज का आचार्यों पंडितों की उपस्थिति में पूजन अर्चन किया और शनि महाराज फूल बंगले में विराजे। महोत्सव के तीसरे दिन 16 मई को शनि जयंती पर शनि महाराज का तेल और नदियों के जल से अभिषेक करके पूजन अर्चन होगा, सुबह 9 बजे महाआरती की जाएगी, प्रसादी वितरण होगा। इसी के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।

## संत और विद्वान समूची मानवता की धरोहर - सदकर्मों की सुगंध कभी नष्ट नहीं होती

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● भारत भूमि का पुण्य प्रताप हमारे संतों और महापुरुषों के कारण शाश्वत और सनातन बना हुआ है। महापुरुषों के सदकर्मों एवं श्रेष्ठ विचारों की सुगंध कभी नष्ट नहीं होती। संत और विद्वान किसी एक समाज या संप्रदाय के नहीं, समूची मानवता की धरोहर होते हैं। तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज एक कर्मयोगी, त्यागी और समर्पण के प्रतीक ऐसे महापुरुष रहे, जिनके बताए मार्ग पर चलकर आज भी समाज के प्रत्येक वर्ग का कल्याण संभव है। ये प्रेरक विचार हैं माली मोहल्ला एमओजी लाइंस स्थित महाप्रचंड हनुमान मंदिर गुरु आश्रम पर आयोजित आश्रम के 32वें स्थापना दिवस एवं तपोनिष्ठ संत लादूनाथ महाराज के बरसी महोत्सव में आए मालवा, निमाड़ और मारवाड़ अंचल के संतों-महंतों के। गुरु आश्रम न्यास समिति ट्रस्ट की ओर से प्रमुख सेवादार योगेश सुईवाल, विजय अग्रवाल एवं सत्यनारायण जाट ने बताया कि आश्रम के महंत रामकिशन महाराज के सानिध्य में पिछले दो दिनों से चल रहे इस महोत्सव में नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय धर्माचार्य अध्यक्ष महंत राजनाथ योगी, अखंड धाम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, स्वामी राजानंद, रोहतक (हरियाणा) के मस्तनाथ मठ के योगी चिरागनाथ, दगड़ी आश्रम काटकूट के संत रामसेवक दास महात्यागी, वीर हठीले हनुमान मंदिर के महंत दीक्षित, कैलाश टेकरी के महंत केशवदास, नागौर राजस्थान से आई साध्वी सीताबाई, नरसिंह टेकरी ओंकारेश्वर, ओखलेश्वर सहित नर्मदा तट से आए एक दर्जन से अधिक तपस्वी, संत-महंतों ने तपोनिष्ठ संत लादूनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन समर्पित किए। मारवाड़ से आए संतों के भजनों का आनंद उठाने के लिए देर रात तक 2 हजार से अधिक महिला-पुरुष जमे रहे।

## मुद्रा संग्रह के नाम पर आम लोगों के साथ धोखाधड़ी और भ्रामक सूचनाओं से सावधान रहें

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● राष्ट्रीय मुद्रा परिषद के संयोजक और इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को उज्जैन के शहीद पार्क क्षेत्र में अवन्तिका नोट्स एंड कॉइन्स गैलरी का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर भार्गव ऑक्शन इंदौर के युवा संचालक विराज भार्गव भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। यह नई गैलरी युवा मुद्रा एवं बैंक नोट व्यवसायी शिवम वर्मा ने स्थापित की है, जिन्होंने पिछले कई वर्षों से देश के प्रमुख मुद्रा उत्सवों और मेलों में मौजूद रहकर अपनी विशिष्ट साख बनाई है। मुख्य अतिथि गिरीश शर्मा ने उनके योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि आजकल मुद्रा संग्रह के क्षेत्र में अनेक शातिर और ठगी करने वाले लोग भी घुस गए हैं जो भारतीय मुद्रा जगत की प्रतिष्ठा को लांछित कर इस प्रतिष्ठित व्यवसाय को क्षति पहुंचाने में जुटे हुए हैं।

# मंडी बोर्ड में सभी बैठकें होंगी ऑनलाइन, पेट्रोल-डीजल संकट के बीच मंडी बोर्ड का बड़ा फैसला

भोपाल (एजेंसी) ● मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने पेट्रोल-डीजल और संसाधनों की बचत को देखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक ने अब बोर्ड में होने वाली सभी बैठकों को ऑनलाइन मोड पर आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही यह प्रदेश का पहला सरकारी विभाग बन गया है जिसने बैठकों और विभागीय कार्यवाही को पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संचालित करने का फैसला लिया है। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने सभी मंडियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि भोपाल स्थित मंडी बोर्ड कार्यालय में आयोजित होने वाली सभी बैठकें अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होंगी। वैश्विक स्तर पर पेट्रोल और डीजल संकट के चलते फिजिकल बैठकों को फिलहाल स्थगित किया गया है।





### सचिव स्तर की बैठकें भी हों ऑनलाइन

सभी आंचलिक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में होने वाली सचिव स्तर की मासिक बैठकें और अन्य विभागीय बैठकें भी ऑनलाइन मोड में आयोजित करें। साथ ही अधिकारियों के दौरों को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल मीटिंग और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग की अपील तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अपने काफिले के वाहन कम किए जाने के बाद लिया गया है। मंडी बोर्ड प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि विभागीय जांच, शिकायत प्रकरण और अन्य मामलों में पेशी के लिए अब अधिकारियों और कर्मचारियों को भोपाल नहीं बुलाया जाएगा। सभी पेशियां ऑनलाइन माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कराई जाएंगी। प्रबंध संचालक ने कहा कि दूरस्थ जिलों से भोपाल आने-जाने में समय और संसाधनों की बड़ी खपत होती है। ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से समय की बचत के साथ ईंधन खर्च भी कम होगा।

# प्रो. शर्मा बने राजीव गांधी विवि के कुलपति

## 19 करोड़ घोटाले के बाद चर्चा में रहे आरजीपीवी को मिला नया वीसी

भोपाल (एजेंसी) ● राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रो. आलोक शर्मा, निदेशक भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर को आरजीपीवी का कुलपति नियुक्त किया है। यह नियुक्ति चार वर्ष की अवधि के लिए की गई है। इसके अलावा राज्य शासन ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग में दो सदस्यों की नियुक्ति भी की है।

राज्य शासन ने मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग में सोनम निनामा और अधिवक्ता अर्चना गुप्ता को सदस्य नियुक्त किया है। इससे पहले डॉ. निवेदिता शर्मा को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया जा चुका है। आयोग में अब एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की पूर्ण समिति कार्यरत होगी। इससे बाल



अधिकार संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण से जुड़े कार्यों का संचालन और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

आरजीपीवी प्रो. और विश्वविद्यालय के कुलपति रहे सुनील कुमार के कारण पिछले सालों में काफी चर्चा में रहा है।

### सुनील कुमार के कारण चर्चा में रहा है आरजीपीवी

आरजीपीवी प्रो. और विश्वविद्यालय के कुलपति रहे सुनील कुमार के कारण पिछले सालों में काफी चर्चा में रहा है। इनके कार्यकाल में 19 करोड़ रुपए से अधिक का घोटाला सामने आया था। इसके बाद राज्य शासन ने सुनील कुमार से इस्तीफा ले लिया था और उनके विरुद्ध केस दर्ज होने के बाद भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई भी की गई है। सुनील कुमार के अलावा रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारी भी इस मामले में दोषी पाए गए थे जिनके विरुद्ध भी जांच चल रही है।

# देवास में नकली कीटनाशक बनाने का खुलासा

दैनिक इंदौर संकेत

देवास ●शहर के नाहर दरवाजा थाना क्षेत्र में नकली कीटनाशक बनाने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। कृषि विभाग ने छापेमार कार्रवाई कर एक घर से बड़ी मात्रा में ब्रांडेड कंपनियों के रैपर, पैकेट और नकली सामग्री बरामद की है। आरोपियों द्वारा जिप्सम को कीटनाशक बताकर बाजार में सप्लाई करने की तैयारी की जा रही थी। मामले की सूचना मिलने के बाद संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि मुंबई से देवास पहुंचे। इसके बाद कृषि विभाग की टीम ने उनके साथ मिलकर संदिग्ध घर पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान घर में दो महिलाएं ब्रांडेड कंपनियों के पैकेट में जिप्सम भरने का काम करती मिलीं। मौके से भारी मात्रा में नकली रैपर, पैकिंग सामग्री और अन्य सामान जब्त किया गया। उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि ब्रांडेड कंपनियों के नाम और रैपर का दुरुपयोग कर नकली कीटनाशक तैयार किया जा रहा था। यदि यह बाजार में पहुंचता तो किसानों की फसलों को नुकसान होने के साथ बड़ी धोखाधड़ी भी होती।

कृषि विभाग के अनुसार, जब्त सामग्री की बाजार कीमत करीब 50 लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। पूरा माल जब्त कर सील कर दिया गया है। कृषि विभाग ने मामले में नाहर दरवाजा थाने में प्रकरण दर्ज कराया है। पुलिस महिलाओं की पहचान और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि नकली कीटनाशक की सप्लाई कहां और किन लोगों तक की जानी थी।

## आचार्य सुनील सागर महाराज का चातुर्मास 2026 इंदौर नगर में संभावित

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मां अहिल्या की धर्म नगरी इंदौर से सेकंडों की संख्या में गुरुभक्तो का सेलाब रविवार 24 मई को पावागढ़ में विराजित परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी संसघ को श्रीफल भेंट करने सैकड़ों श्रद्धालु जाएंगे, नेमि नगर जैन समाज के नेतृत्व में समाज जन से आह्वान* धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि परम पूज्य मुनिकुंजर ज्येष्ठाचार्य आदि सागर जी 'अंकलीकर' परम्परा के चतुर्थ पट्टाधीश *प.पू. 108 आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ससंघ '60पीच्छी' * का *भव्य चातुर्मास वर्ष 2026 इंदौर नगर में संभावित* है। यह इंदौर नगर एवं सकल जैन समाज का सौभाग्य होगा जब वात्सल्य निधि का ऐतिहासिक चातुर्मास यहां सम्पन्न होगा।

श्री दिगम्बर जैन समाज नेमि नगर जैन कॉलोनी, इंदौर* के *अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया* एवं *महामंत्री गिरीश पटौदी* ने बताया कि वर्तमान में *आचार्य श्री ससंघ गुजरात के बड़ौदा में विराजमान* हैं एवं वहां से बिहार कर *पावागढ़ तीर्थ क्षेत्र पर कल्पद्रुम महा मंडल विधान* में पावन सानिध्य प्रदान करेंगे। भव्याती भव्य चातुर्मास के प्रमुख संयोजक इंद्रकुमार वीणा सेठी* ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य श्री की मंगल भावनानुसार *इंदौर नगर के विभिन्न क्षेत्रों के समाजजन एवं आसपास के शहरों के धार्मिक श्रद्धालु* *रविवार, 24 मई 2026 को प्रातः 5:30 बजे* पावागढ़ तीर्थ क्षेत्र के लिए प्रस्थान करेंगे।

# आबकारी विभाग के अमले द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● कलेक्टर जिला इंदौर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज वृत्त देपालपुर अंतर्गत उप निरीक्षक श्री भगवानदास अहरवार एवं उनकी टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर काली बिल्लौद रोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल को रोका गया। वाहन पर सवार निवासी इंदौर संजय पिता अमरसिंह एवं सुनील पिता भंवरसिंह द्वारा अवैध मदिरा का परिवहन किया जा रहा था। तलाशी के दौरान एक झोले से 24 नग बोल्ट बीयर केन जप्त की गई। जप्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 55 हजार रुपए आंका गया है। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में आरक्षक सुश्री राशि सोलट, रवींद्र कुमार बघेल एवं सावन सिसोदिया का सराहनीय योगदान रहा।

## जिंसी चौराहा स्थित प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर आज शनि जयंती पर वटपूजा एवं महाआरती

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ●प्राचीन मंशापूर्ण शनि मंदिर पर चल रहे तीन दिवसीय शनि जयंती महोत्सव शुक्रवार को रामायण मंडल के सदस्यों ने सुंदरकांड की सामूहिक प्रस्तुति के साथ शनिदेव की आराधना की। इस अवसर पर मंशापूर्ण शनि मंदिर को विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया था। देर शाम तक सैकड़ों भक्तों ने रामायण पाठ में शामिल होकर शनिदेव से देश-प्रदेश में सुख, शांति एवं सदभाव के लिए प्रार्थना की। सैकड़ों भक्तों को क्लब की ओर से प्रकाशित शनि पीड़ा निवारण पुस्तिका का निशुल्क वितरण भी किया गया। श्याम अग्रवाल, विनोद व्होरा एवं राहुल अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव का मुख्य आयोजन शनिवार, 16 मई को होगा। पूजा-अर्चना, 12 से 4 बजे तक श्रृंगार एवं वट पूजा, यज्ञ एवं हवन, छप्पन भोग दर्शन एवं महाआरती के बाद संतों-महंतों के प्रवचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

# युवाओं को सैन्य एवं सुरक्षा सेवाओं में अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से 45 दिवसीय प्रशिक्षण 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' का शुभारंभ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर विधिवत किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. स्वप्निल कोठारी, सहायक संचालक एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक डॉ. अनिल सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्बोधन करते हुए जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण की सफलता की कामना की।

## इंदौर पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा गुमशुदा एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की सुरक्षित तलाश एवं शीघ्र दस्तयाबी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेशभर में लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में इंदौर जिले की थाना अन्नपूर्णा पुलिस ने त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए तीन नाबालिग बालिकाओं को 24 घंटे के भीतर उज्जैन से सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। 14 मई को थाना अन्नपूर्णा क्षेत्र से तीन नाबालिग बालिकाओं के गुम/अपहृत होने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित कर तत्काल तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा लगातार सघन सर्चिंग अभियान चलाते हुए संभावित स्थानों पर तलाश, आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण तथा तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की गई। मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए तीनों बालिकाओं को उज्जैन से मात्र 24 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर लिया। बालिकाओं की काउंसलिंग कर सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## हंसदास मठ पर अधिकमास में 108 विद्वानों द्वारा भागवत- रामायण के मूल पारायण सहित अनेक अनुष्ठान कल से

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में हंस पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में रविवार 17 मई से सोमवार 15 जून तक, पूरे माह प्रतिदिन सुबह 9 से 12 एवं शाम 4 से 7 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा भगवान रणछोड़जी की साक्षी में श्रीमद भागवत पारायण (मूलपाठ) एवं रामायण पारायण तथा जाप का दिव्य अनुष्ठान होगा। इस दौरान प्रतिदिन आरती एवं ब्राह्मण तथा संतों के लिए प्रसादी भी होगी। सभी कार्यक्रमों की व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। मठ परिवार के महंत पं. अमितदास महाराज ने बताया कि मठ की परम्परा के अनुसार अधिकमास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन भगवान लक्ष्मीनारायण का गोपाल सहस्त्रनाम एवं श्रीसूक्त पाठ भी होगा। अनुष्ठान का शुभारंभ भगवान रणछोड़जी की परिक्रमा एवं मठ परिसर में शोभायात्रा के साथ होगा। मंडल पूजन, गणेश अम्बिका पूजन के पश्चात 108 ब्राह्मण विद्वानों द्वारा भागवत एवं रामायण के पारायण तथा ओम नमो भगवते वासुदेवाय महामंत्र का जाप भी होगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में व्यापक रूप से हो रहे हैं जल-संरक्षण और जल-संवर्धन के कार्य : मंत्री सिलावट

दैनिक इंदौर संकेत

इंदौर ● जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत गांव-गांव, नगर-नगर में जल-संरक्षण एवं जल-संवर्धन के कार्य व्यापक रूप से कराए जा रहे हैं। प्रदेश में गत तीन वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य वर्षा काल के पूर्व जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार एवं आवश्यक मरम्मत कराए जाना है, जिससे वर्षा काल में इनमें पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहण हो सके। इस अभियान में समाज के हर वर्ग का सहयोग लिया जा रहा है तथा इसे जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। इस वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत 19 मार्च को इंदौर से की गई थी, तब से यह अनवरत जारी है और 30 जून तक चलाया जाएगा।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ





डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते है। इसके तहत आप चाहे प्रार्पटी व्यवसाय से जुड़े है या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश निःशुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

# 12वीं राज्यस्तरीय शैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**पंचमढ़ी** ●पंचमढ़ी में आयोजित 12वीं राज्यस्तरीय शैक्षणिक अधिकारी-कर्मचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक खरे सहायक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश रहे। वहीं जिला क्रीड़ा अधिकारी वन्दना रघुवंशी की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर इंदौर संभाग दल के कप्तान, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी एवं वरिष्ठ व्यायाम निर्देशक अनिल गौड़ ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल संचालन अश्विन मालवीय द्वारा किया गया।



## आईपीएल में आज होगा केकेआर और टाइटंस में मुकाबला

**कोलकाता (एजेंसी)** ● आईपीएल 2026 का 60वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटंस के बीच शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा। गुजरात ये मुकाबाल जीतते ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेगी। वहीं केकेआर के लिए इस रेस में बने रहने के लिए जीत बहुत जरूरी है। ऐसे में केकेआर और जीटी के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला जा सकता है। कोलकाता के ईडन गार्डन की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों के लिए जन्नत से कम नहीं है। इस छोटे ग्राउंड की आउटफील्ड काफी तेज है, जिससे खूब चौके-छक्के लगते हैं। इस मैदान पर काफी हाई स्कोरिंग मुकाबले देखने को मिलते हैं । हालांकि, इस मैदान पर कप्तान टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैयदा कर सकते हैं, क्योंकि दूसरी पारी में यहां ओस भी पड़ सकती है, जिससे गेंदबाजों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। हैड टू हैड रिकॉर्ड की बात करें, तो आईपीएल के इतिहास में कोलकाता नाइट राइडर्स और गुजरात टाइटंस के बीच अब तक छह मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें गुजरात ने चार मुकाबले अपने नाम किए हैं, जबकि केकेआर ने सिर्फ एक मैच जीता है। हालांकि, एक मैच बेनतीजा रहा है। आंकड़ों के हिसाब से गुजरात का पलड़ा कोलकाता पर एकतरफा भारी नजर आ रहा है।





## अश्विन ने डीआरएस के डेड बॉल नियम को बदलने की मांग की

**चेन्नई (एजेंसी)** ● पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स टीम की हार के बाद एक बार फिर निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के डेड बॉल नियम पर सवाल उठाये हैं। अश्विन के अनुसार इसी नियम का नुकसान पंजाब को हुआ है। अश्विन के अनुसार इस नियम को तत्काल बदल दिया जाये। इस मैच में पंजाब की पारी के अंतिम ओवर में मुंबई के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पारी की आखिरी गेंद विष्णु विनोद के पैड पर डाली, जिस पर मैदानी अंपायर ने उन्हें तुरंत आउट करार दे दिया। विनोद ने तत्काल रिव्यू लेने का फैसला किया, और टीवी अंपायर ने रीप्ले देखने के बाद मैदानी अंपायर के फैसले को पलट दिया, जिससे विनोद को नॉट आउट घोषित किया गया। हालांकि, अंपायर द्वारा आउट दिए जाने के बाद गेंद को डेड घोषित कर दिया गया था, जिसके चलते पंजाब किंग्स को लेग-बाय का एक भी रन नहीं दिया गया। अश्विन ने इसी डेड बॉल नियम की व्याख्या पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जो उनके अनुसार टीम को अनावश्यक नुकसान पहुंचाता है। इस घटना से नाराज रविचंद्रन अश्विन ने सोशल मीडिया पर इस नियम को कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा, गलत फैसले की वजह से पंजाब को एक रन का नुकसान हुआ और इस नियम को जल्द से जल्द बदलना चाहिए। जिस तरह इम्पैक्ट सब का नियम है, वैसे ही डीआरएस से जुड़े इस बदलाव को भी आईपीएल में लागू किया जाना चाहिए, भले ही आईसीसी इसके लिए समय ले रही हो।



# हर लड़की खुद को चिरैया से जोड़ रही है: दिव्या दत्ता

**मुंबई (एजेंसी)** ●अभिनेत्री दिव्या दत्ता अपनी नई वेब सीरीज चिरैया को लेकर खूब वाहवाही बटोर रही हैं। जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के बाद से ही, यह सीरीज अपनी शानदार कहानी, सशक्त लेखन और सभी कलाकारों के बेहतरीन अभिनय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त कर रही है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित यह 6-एपिसोड की भावनात्मक और मार्मिक सीरीज मैरिटल रेप और वैवाहिक दुर्व्यवहार जैसे बेहद गंभीर और संवेदनशील सामाजिक मुद्दों पर आधारित है। सीरीज चिरैया को लेकर अभिनेत्री दिव्या दत्ता का मानना है कि यह एक ऐसी सीरीज है, जिससे आज की हर लड़की और महिला अपने आपको गहराई से जोड़ पा रही है, क्योंकि यह समाज के एक कड़वे सच को उजागर करती है। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पॉडकास्ट का वीडियो साझा किया, जिसमें वे चिरैया को मिल रही प्रतिक्रिया के बारे में बात कर रही थीं। वीडियो में दिव्या कहती हैं, हर कोई चिरैया देख रहा है और उससे प्रभावित हो रहा है। अभी हाल ही में मेरी मुलाकात एक मां से हुई, जिसे चिरैया देखने के बाद अपनी बेटी के ससुराल वालों से बात करने और उनका सामना करने की हिम्मत मिली है।



## सारा अली खान जुटी फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' के प्रमोशन में

**मुंबई (एजेंसी)** ● आगामी ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान बेहद उत्साहित हैं। प्रमोशन में जुटी सारा अली खान ने फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के 'नीलोफर' नामक किरदार को लेकर मजेदार खुलासा किया है। अभिनेत्री का मानना है कि फिल्म का हर एक किरदार अपने आप में खास और महत्वपूर्ण है, मगर उनकी खासी दिलचस्पी अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के निभाए गए 'नीलोफर' के किरदार में थी। बातचीत के दौरान, फिल्म के सह-कलाकार आयुष्मान खुराना ने सबसे पहले यह राज खोला। जब उनसे पूछा गया कि फिल्म में कई मुख्य किरदार होने पर क्या किसी को दूसरे का रोल ज्यादा पसंद आया, तो आयुष्मान ने बताया कि सारा अली खान को रकुल प्रीत सिंह का किरदार बहुत भाया। उन्होंने कहा कि सारा को लगता है कि नीलोफर के डायलॉग सबसे बेहतरीन और प्रभावशाली हैं।




# उज्जैन संभाग



## 13 साल बाद विशेष संयोग में शनि जयंती और अमावस्या

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● शनिवार को 13 साल बाद एक विशेष संयोग में शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या दोनों एक ही दिन मनाई जाएंगी। इस पर्व को लेकर त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मान्यता है कि यहां तेल चढ़ाने से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या से मुक्ति मिलती है। 16 मई को ज्येष्ठ अमावस्या के दिन उज्जैन में शनिचरी अमावस्या का विशेष महासंयोग बन रहा है। शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या एक साथ होने पर शनि मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए जाएंगे। मंदिर में पंचामृत पूजन, 56 भोग और पुष्प व विद्युत सज्जा की जाएगी। महंत राकेश बैरागी के अनुसार शनि मंदिर में 24 घंटे तक तेल अर्पित किया जाएगा। देशभर से आने वाले श्रद्धालु दर्शन, तप और स्नान के लिए पहुंचेंगे। भक्त सबसे पहले शिप्रा नदी में स्नान करेंगे और फिर मंदिर में पूजन-अर्चन करेंगे। इस दौरान वे अपने साथ लाए तेल, नारियल, काला कपड़ा और काला तिल अर्पित कर दान-पुण्य करेंगे। त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालु शिप्रा स्नान और शनिदेव के दर्शन के लिए जुटेंगे।

## अगरबत्ती फैक्ट्री में भीषण आग, देर रात मची अफरा-तफरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● मक्सी रोड स्थित उद्योगपुरी इलाके में शुक्रवार तड़के अगरबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते फैक्ट्री में रखा सामान जलने लगा। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन घटना में लाखों रुपए के नुकसान की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक अगरबत्ती निर्माण की एचपी ग्राइंडर फैक्ट्री में देर रात करीब डेढ़ बजे अचानक आग लग गई।

# मुख्यमंत्री ने जय गुरुदेव आश्रम में लिया आशीर्वाद, रामघाट पर सिंहस्थ विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●आश्रमों और संतों से मिलने वाली शिक्षा समाज को सही दिशा देती है। यह सत्यमार्ग पर चलने, जीवन के सुकर्मों को समझने और मानवता के प्रति समर्पण के लिए जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को कही। वे जय गुरुदेव आश्रम में बोल रहे थे। उन्होंने श्री गुरुवर से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राम घाट पर सिंहस्थ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। डॉ. यादव ने कहा कि आज उज्जैन में जय गुरुदेव आश्रम में गुरुदेव उमाकांत महाराज के अमृत प्रवचन का श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ-2028 के महापर्व के लिए स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधि और प्रशासन सब मिलकर एक भाव के साथ कार्य कर रहे हैं। सभी धर्मों के लोग अपने देवस्थानों को हटाने के लिए स्वयं पहल कर रहे हैं। यह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुदेव के मार्गदर्शन से जीवन सरल और संयमित होकर जीने का मार्ग मिल जाता है। सिंहस्थ-2028 में उज्जैन को हम मेट्रो सिटी के साथ-साथ आध्यात्मिक, सांस्कृतिक नगरी के रूप में भी स्थापित करेंगे। गोवंश के संरक्षण के लिए प्रदेश में गौशालाओं का निर्माण कर रहे हैं, वहीं सनातनी परंपराओं को सहेजते हुए सरकार ने उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, दतिया (पीतांबरा पीठ), सलकनपुर, ओरछा और चित्रकूट समेत प्रदेश के 19 प्रमुख धार्मिक और पवित्र नगरों में शराबबंदी लागू कर दी है। गुरुदेव उमाकांत महाराज ने कहा, 'आप सालों से इस आश्रम से जुड़े हैं और लगातार आते रहे हैं। मुख्यमंत्री जैसी बड़ी जिम्मेदारी मिलने के बाद भी आपने भक्ति और प्रेम के लिए समय निकाला है। पहले मैं आपको 'मोहन प्यारे' कहकर बुलाता था, लेकिन आज आप अपने सेवा कार्यों से पूरी जनता के प्यारे और लाडले बन गए हैं.' उन्होंने सीएम को सत्य, सनातन और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए जनसेवा करते रहने का आशीर्वाद दिया। आश्रम से निकलने के बाद मुख्यमंत्री सीधे राम घाट पहुंचे। यहां उन्होंने आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए चल रहे विकास और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने घाट क्षेत्र के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उज्जैन को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के सहयोग से शहर में कई निर्माण और विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि सभी कार्य तय समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे हो सकें।



## निगम कमिश्नर ई-बाइक से ऑफिस पहुंचे, सिंहस्थ निर्माण कार्यों को भी देखा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से पेट्रोल-डीजल बचाने की अपील और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आवाहन के बाद उज्जैन नगर पालिक निगम में भी ईंधन की खपत कम करने की पहल शुरू हो गई है। शुक्रवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा इलेक्ट्रिक बाइक से शहर में मार्ग चौड़ीकरण और अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। सुबह महापौर मुकेश टटवाल भी ई-रिक्शा से वार्डों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ई-बाइक से हनुमान नाका होते हुए हरिफाटक ब्रिज तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का जायजा लेने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने लोटी स्कूल तिराहे से हनुमान नाका चौराहे तक पूरे मार्ग का निरीक्षण किया और नगर निगम अधिकारियों को यहां सौंदर्यीकरण कार्य करते हुए इसे आदर्श मार्ग के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने बताया कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान नीलगंगा क्षेत्र से साधु-संतों की पेशवाई इसी मार्ग से निकलती है, इसलिए पूरे मार्ग का विशेष रूप से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। निगम आयुक्त मिश्रा शुक्रवार को अपने कार्यालय भी ई-बाइक से ही पहुंचे।

## संत प्रवचन से रोक रहे- लेकिन मैं रुकने वाली नहीं : हर्षानंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ●मॉडल से साध्वी बनीं हर्षा रिछारिया उर्फ हर्षानंद गिरि एक बार फिर चर्चा में हैं। उज्जैन के लक्ष्मीपुरा में सात दिवसीय देवी प्रवचन कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने कुछ संतों पर प्रवचन रोकने और समय कम करने की कोशिश का आरोप लगाया। हर्षानंद ने मंच से कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से उन्हें रोकने के प्रयास किए गए, लेकिन मां भगवती की कृपा से वे डटी रहीं। उन्होंने कहा, 'जिस पर मां भगवती का आशीर्वाद हो, उसे कोई नहीं रोक सकता। किसी भी राक्षस में इतना सामर्थ्य नहीं कि वह धर्म के मार्ग को रोक सके।' कार्यक्रम के बाद जारी वीडियो में हर्षानंद ने आरोप दोहराते हुए कहा कि शुरुआती तीन दिन सब सामान्य रहा, लेकिन श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और महिलाओं की भागीदारी के बाद चौथे दिन से उनके प्रवचन का समय कम किया जाने लगा। उन्होंने दावा किया कि कुछ संत नहीं चाहते थे कि उनका प्रवचन लंबे समय तक चले। हर्षानंद ने कहा कि विरोध के बावजूद पंडाल दो बार बढ़ाना पड़ा और अंतिम दिनों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ नहीं थमी। उन्होंने इसे मां भगवती की इच्छा और नारी शक्ति का समर्थन बताया। उज्जैन से करीब 22 किमी दूर लक्ष्मीपुरा में 8 मई से 108 कुंडीय यज्ञ के दौरान हर्षानंद ने सात दिनों तक देवी प्रवचन किए। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



## आदिनाथ क्लिनिक सील, एलोपैथिक इलाज करने पर कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● लक्ष्मी नगर स्थित आदिनाथ क्लिनिक को स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को सील कर दिया। विभागीय जांच में क्लिनिक में एलोपैथिक उपचार किए जाने की पुष्टि होने के बाद यह कार्रवाई की गई। दोपहर में स्वास्थ्य विभाग की टीम क्लिनिक पहुंची और वहां से निकल रहे मरीजों को रोककर उनके पर्चों की जांच की। साथ ही आसपास की मेडिकल दुकानों से दवाओं की जानकारी भी जुटाई गई। जांच में सामने आया कि मरीजों को 'आदिनाथ क्लिनिक, लक्ष्मी नगर' नाम के पर्चे दिए जा रहे थे और उन्हें एलोपैथिक दवाएं तथा बोतलें चढ़ाई जा रही थीं। क्लिनिक के बोर्ड पर संचालक डॉ. राजेश जैन के साथ उनके बेटे डॉ. आदिश देव कुमार जैन और बेटी डॉ. अदिति जैन के नाम भी दर्ज थे। जांच के दौरान टीम को क्लिनिक के अंदर मध्यप्रदेश राजपत्र की प्रति और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आयुर्वेदिक पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रतियां मिलीं। डॉ. जैन ने अधिकारियों को बताया कि वे इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर प्रैक्टिस कर रहे थे।

स्वास्थ्य विभाग को क्लिनिक के भीतर एक पलंग, ब्लड प्रेशर जांचने की मशीन, कुर्सियां और अन्य चिकित्सा उपकरण मिले। एक कांच के चैंबर में अतिरिक्त पलंग और पुराना सामान भी रखा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि तीन दिन पहले ही डॉ. जैन को एलोपैथिक उपचार नहीं करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद मौके पर एलोपैथिक इलाज जारी मिला। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बीएमएस डॉक्टरों को एलोपैथी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं है। कार्रवाई के दौरान डॉ. राजेश जैन ने क्लिनिक सील करने की प्रक्रिया रोकने का अनुरोध किया और अपने बेटे से फोन पर अधिकारियों की बात भी कराई, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई जारी रखते हुए क्लिनिक को सील कर दिया।

# हाईकोर्ट के भोजशाला फैसले में राज्य सरकार मस्जिद के लिए जमीन देने के लिए बाध्य नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर/धार** ● धार भोजशाला पर फैसला 15 मई की दोपहर ढाई बजे इंदौर हाईकोर्ट की बेंच ने सुना दिया। जस्टिस विजय शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने 242 पेज का विस्तृत आदेश दिया। इसमें परिसर को मां सरस्वती देवी के मंदिर के स्वरूप को मान्य किया है। इस आदेश में मस्जिद के लिए जमीन आवंटन की बात है लेकिन इसमें एक लाइन जुड़ी है जो इस पक्ष के लिए झटका है।




भोजशाला परिसर को हाईकोर्ट ने मां सरस्वती के मंदिर स्वरूप के रूप में मान्य किया है। वहीं बात आ रही थी कि मस्जिद के लिए मुस्लिम पक्ष को जमीन दी जाएगी। लेकिन इस मामले को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के अधीन किया है। यानी चाहे तो राज्य सरकार इसके लिए जमीन दें या नहीं फिर नहीं दें। आदेश में केवल यही लिखा गया है कि मुस्लिम पक्षकार को मस्जिद निर्माण के लिए जमीन आवंटन के लिए राज्य सरकार को आवेदन देना होगा। राज्य सरकार इस पर कानून के अनुसार विचार कर धार जिले में स्थाई भूमि आंटन पर विचार कर सकती है। यानी इस लाइन से साफ है कि राज्य सरकार को पहले तो इन्हें आवेदन देना होगा और फिर सरकार इस पर विचार करेगी और उन्हें उचित लगता है तो जमीन देगी नहीं तो नहीं देगी।

इसके साथ ही मुस्लिम पक्ष को एएसआई डायरेक्टर के जिस 7 अप्रैल 2003 आदेश से यहां पर नमाज के अधिकार मिले थे, उसे खत्म कर दिया गया है। इस पूरे आदेश को ही हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके तहत हिंदुओं के पूजा के अधिकार को प्रतिबंधित किया गया था और मुस्लिम को नमाज की मंजूरी मिली हुई थी।

### मुस्लिम पक्ष जाएगा सुप्रीम कोर्ट

उधर मुस्लिम पक्ष ने याचिकाएं खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कह दी है। धार सङर काजी वकार सादिक ने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान है। लेकिन हम फैसले की समीक्षा करेंगे और इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की और रूख करेंगे।

## धार भोजशाला मंदिर है : मस्जिद के लिए कही ये खास बात

*धार भोजशाला पर हिंदू फ्रंट की याचिका मान्य हो गई है। बेंच ने यह भी कहा कि एएसआई का इसमें पूरा कंट्रोल और मॉनिटरिंग रहेगी। वह 1958 एक्ट के तहत इसे संभालेगा। यहां वाग्देवी की प्रतिमा को लाकर स्थापित करने के लिए भी केंद्र सरकार द्वारा कदम उठा जाएं। इन सभी की मांग हिंदू फ्रंट और कुलदीप तिवारी की याचिका में थी। वहीं जैन समाज और मुस्लिम पक्ष को लेकर कहा है कि प्रशासन इन्हें धार जिले में अन्य जगह जमीन अलॉट करे। सामुदायिक भावना बनाए रखने के लिए मस्जिद के लिए अलग से जगह दी जाएगी। इंदौर हाईकोर्ट ने इसमें अयोध्या के राम मंदिर फैसले का हवाला दिया गया। विस्तृत आदेश आना अभी बाकी है। कोर्ट में बेंच ने 3 मिनट अपना आदेश पढ़कर सुनाया।*

*हाईकोर्ट के इस फैसले का आधार एएसआई की 2100 पन्नों की रिपोर्ट बनी। इसके लिए 98 दिन तक परिसर का वैज्ञानिक तरीके से सर्वे हुआ था। हाईकोर्ट ने फैसले में लिखा कि इस सर्वे की रिपोर्ट में कई तथ्य सामने आए हैं, जो वैज्ञानिक तरीके से हुआ था।*

*इसमें बताया गया है कि राजा भोज के समय पर बनी संरचना है। इस संबंध में कई तथ्य सामने आए हैं। भोजशाला को भले ही हिंदुओं की माना गया है, लेकिन मॉनिटरिंग और पूरा कंट्रोल एएसआई को दिया गया है। साथ ही प्रशासन को अन्य व्यवस्थाएं करने के लिए कहा गया है।*

***1034 – स्थापना और निर्माण**–राजा भोज ने ज्ञान की साधना और मां सरस्वती की आराधना के लिए भोजशाला का निर्माण करवाया।*

*भवन के मध्य में विशाल यज्ञकुंड था। 1035 में मां सरस्वती की सुंदर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा वसंत पंचमी के दिन हुई।*

*भोज 72 कलाओं और 36 तरह के आयुध विज्ञान में निपुण थे। उन्होंने 1065 तक शासन किया और मंदिर, तालाब, घाट व विद्यालयों का निर्माण करवाया।*

***1305 – अलाउद्दीन खिलजी का आक्रमण**–अलाउद्दीन खिलजी ने मालवा पर आक्रमण कर इस्लामी राज्य की स्थापना की। भोजशाला सहित कई ऐतिहासिक स्थलों को ध्वस्त किया गया।*

***भोजशाला पर बाद के प्रभाव**–1401 में दिलावर खां गौरी ने विजय मंदिर को नष्ट किया। 1514 में मेहमूद शाह खिलजी ने भोजशाला को मस्जिद में बदलने का प्रयास किया। कमाल मौलाना की याद में 204 वर्ष बाद मकबरा बनवाया गया।*

***हिंदू और मुस्लिम पक्ष में विवाद**–इसके बाद से ही धार भोजशाला पर हिंदू और मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद चल रहा था।*

---

### ट्रैफिक पुलिस का अनोखा जागरूकता अभियान

# 'जान है तो जहान है, नियमों को मानो तो सम्मान है...'



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● विजयनगर चौराहे पर डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी ने सड़क सुरक्षा गीत गाकर वाहन चालकों और आमजन को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। इस दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और ट्रैफिक सिग्नल के पालन का संदेश दिया गया। लोगों ने तालियां बजाकर इस पहल का स्वागत किया और नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इंदौर ट्रैफिक पुलिस लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है।

---

# जलसंकट : निगम के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, मटके फोड़े, लोग बोले– सारे टैंकर ले लो, पानी दो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में बढ़ते जलसंकट के खिलाफ कांग्रेस ने शुक्रवार को नगर निगम के 22 जोन पर प्रदर्शन किया। नेता-कार्यकर्ताओं ने निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मटके फोड़कर विरोध जताया। अधिकारियों को खाली मटकों में रखकर ज्ञापन सौंपे। इस दौरान क्षेत्र के रहवासी भी मौजूद थे।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा निगम की लापरवाही से शहर जलसंकट झेल रहा है। दूषित पानी से मौत के बाद शहर के कई हिस्सों में अब भी गंदा पानी आ रहा है। प्रदर्शन के बाद चौकसे नगर निगम पहुंचे। यहां पानी को लेकर अपर आयुक्त से तीखी बहस हुई।

अपर आयुक्त ने लॉग बुक दिखाने की बात कही तो चौकसे ने कहा कि लॉग बुक का क्या करें। जब उनसे कहा कि 15 टैंकर दिए हैं, तब उन्होंने कहा सारे टैंकर ले लो। आप तो पानी दे दो। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, उद्योग और व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी, विनय बाकलीवाल, शैलेष गर्ग, दीपू यादव, राजू भदौरिया, अभिषेक मित्तल, जीतू दीवान, विवेक खंडेलवाल, सुधीर सेठिया आदि मौजूद थे। पानी मांगने आए हैं वार्ड-24 में प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने जोन पर अधिकारियों के सामने खाली मटका रखा और कहा कि जनता की ओर से पानी की भीख मांगने आए हैं। जोन-10 पर कांग्रेस नेता अमन बजाज के नेतृत्व में खाली मटके में ज्ञापन रखकर दिया। वहीं, स्कीम-140 में भी मटके रख प्रदर्शन किया। इस मौके पर राधेश्याम पटेल, सीमा सोलंकी मौजूद थे।

---

# इंदौर डेली कॉलेज विवाद : हाईकोर्ट में एक घंटे चली सुनवाई, चुनाव और संविधान पर आएगा फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर डेली कॉलेज मामले में चार याचिकाएं लगी हुई हैं। इसमें मुख्य रूप से मांग नए संविधान संशोधन पर रोक की है। इसे लेकर गुरुवार, 14 मई को हाईकोर्ट इंदौर में जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में सुनवाई होना थी, लेकिन जस्टिस ने खुद को इस केस से अलग कर लिया।



### इसके पहले जस्टिस हट गए थे

हाईकोर्ट जस्टिस प्रणय वर्मा ने गुरुवार 14 मई को एक लाइन का आदेश जारी कर खुद को केस से अलग किया था। लिखा था कि यह याचिकाएं अन्य बेंच के सामने लगाई जाएं, जिसमें वह सदस्य नहीं हो। इस पर अधिवक्ता ने पूछ लिया क्यों। जिस पर जस्टिस नाराज हुए और कहा कि यह मत पूछिए क्यों। बेहतर होगा कि ये मुझसे मत पूछिए क्यों। मैं इस पर कुछ नहीं कहना चाहता हूं।

इसके बाद मामला चीफ जस्टिस के पास गया और इसे फिर जस्टिस संदीप भट्ट की बेंच में लगाया गया। इस पर शुक्रवार, 15 मई को करीब एक घंटे तक सुनवाई चली। फैसला सुरक्षित है, यह देर शाम तक संभावित है। नए सिरे से इस केस में शुक्रवार, 15 मई को एक घंटे तक सुनवाई हुई। इसमें याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि हम चुनाव चाहते हैं, लेकिन जो संविधान संशोधन हुआ वह अवैधानिक है। इसे रद्द किया जाना चाहिए। पुराने संविधान से ही चुनाव होना चाहिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता महेश जेठमलानी वीर जैन थे। वहीं डेली कॉलेज की ओर से अधिवक्ता विजय आसुदानी ने तर्क रखे। इसमें कहा गया कि याचिका मेंटेनेबल नहीं है। इनके पास इस मामले में हाईकोर्ट की जगह अन्य उच्च अधिकारियों के पास अपील के विकल्प उपलब्ध है। संविधान संशोधन बोर्ड से प्रस्ताव पास हुआ और इसे फर्म सोसायटी ने मंजूर किया। सभी प्रक्रिया विधिक तौर से की गई है और चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

---

# केनरा बैंक में 1.70 करोड़ की धोखाधड़ी, ईओडब्ल्यू ने की बैंक अधिकारियों सहित 5 पर एफआईआर दर्ज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) इंदौर ने केनरा बैंक धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में पांच आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की है। एक प्रिंटिंग व्यवसायी ने फर्जी रजिस्ट्री से 23 लाख की जमीन को 1.25 करोड़ रुपए में दिखाया। बैंक अधिकारियों की मिलीभगत से 1.70 करोड़ का फर्जी लोन मंजूर हो गया। इंदौर में केनरा बैंक में बड़ी धोखाधड़ी सामने आई है। मेसर्स एवी ग्राफिक्स एण्ड ट्रेडिंग के प्रोपराइटर विमलेश चतुर्वेदी मुख्य आरोपी हैं। वे विजय नगर, इंदौर के निवासी हैं। उन्होंने मनीष बाग कॉलोनी के भूखंड क्रमांक 2-बी के फर्जी दस्तावेज बनवाए। यह भूखंड 1000 वर्गफीट का था।




### बैंक अधिकारियों की मिलीभगत

29 दिसंबर 2023 को प्रोसेसिंग अधिकारी खुशबू सिलावट ने बड़ी लापरवाही की। वे वडोदरा, गुजरात की निवासी हैं। उन्होंने बिना किसी वास्तविक निरीक्षण के ऑफिस नोट में यूनिट सत्यापन की गलत टिप्पणी लिख दी। 30 दिसंबर 2023 को सेक्शन हेड कौशिक कुमार प्रबुद्ध ने लोन मंजूरी दी थी। वे जिला अरवल, बिहार के निवासी हैं और उनकी उम्र 70 वर्ष है। उसी दिन मंडल प्रबंधक शर्मिष्ठा सिंह ने भी स्वीकृति दे दी। वे जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश की निवासी हैं। चारों बैंक अधिकारियों ने बैंक नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया।

इस जमीन की असली बाजार कीमत मात्र 23 लाख रुपए थी, लेकिन फर्जी रजिस्ट्री में इसे 1.25 करोड़ रुपए में खरीदा हुआ दिखाया गया। एचडीएफसी बैंक के चेक का उल्लेख करते हुए नकली रजिस्ट्री तैयार कराई गई। वास्तव में केवल 13,75,000 रुपए का ही भुगतान हुआ था। 21 दिसंबर 2023 को विमलेश चतुर्वेदी ने केनरा बैंक में आवेदन दिया। उन्होंने रंगीन प्रिंटिंग मशीनें खरीदने का बहाना बनाया। कनाड़िया रोड शाखा में 1.75 करोड़ रुपए के टर्म लोन की मांग की गई। साथ में 20 लाख की सीसी लिमिट भी मांगी गई। तत्कालीन शाखा प्रबंधक तरुण भार्गव ने बैंक के LAPS एप पर अपनी व्यक्तिगत आईडी से यह लोन आवेदन अपलोड किया। तरुण भार्गव बीकानेर, राजस्थान के निवासी हैं। बैंक के नियम के अनुसार एक करोड़ से अधिक के लोन में संयुक्त निरीक्षण ज़रूरी होता है। लेकिन तरुण भार्गव ने यह नियम तोड़ा। उन्होंने अकेले ही स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर दी। बैंक के MSME सुलभ कार्यालय से स्वीकृति लेने का नियम था।

---

# कुत्ते ने की गंदगी तो मालिक पर लगेगा पांच हजार का जुर्माना

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सफाई के मामले में देश में नंबर शहर इंदौर में अब नई सख्ती के आदेश हो गए हैं। नए स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए अब आदेश हुए हैं कि यदि पालतु कुत्ते ने गंदगी की है तो मालिक पर पांच हजार का जुर्माना लगेगा। इंदौर में सफाई को लेकर एक बार नगर निगम सख्ती करने जा रहा है। जल्द ही सफाई को लेकर सर्वेक्षण हो सकता है। इसे देखते हुए गंदगी फैलाने वालों को चेतावनी दी गई है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने गुरुवार, 14 मई को जोन 14, 15 और 16 में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया था। इसमें उन्होंने शहरवासियों से सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने की अपील की थी।



एआई इमेज

महापौर के दौरे के दौरान कई लोग पालतू कुत्ते (पालतू कुत्ते के लिए जुर्माना) घुमाते मिले। कुत्तों द्वारा गंदगी की जा रही थी। इस पर महापौर ने नाराजगी जताई। महापौर ने कहा कि इस तरह गंदगी होने पर नगर निगम चालानी कार्रवाई करेगा। अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंदगी फैलाने वाले कुत्ते के मालिक पर पांच हजार का जुर्माना लगाया जाए। शहर में स्वच्छता बनाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। पश्चिम क्षेत्र के दौरे के दौरान तय हुआ कि चौराहों को आकर्षक बनाया जाएगा। साथ ही प्रगति नगर की 60 फीट चौड़ी सड़क का काम शुरू हो गया। इस दौरान महापौर के साथ विधायक मधु वर्मा, महापौर परिषद सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद प्रशांत बडवे उपस्थित थे। महापौर ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी की अपील को देखते हुए हर शुक्रवार को इंदौर में नो कार डे मनाएंगे। इस दौरान केवल दो पहिया वाहन से ही आना-जाना किया जाएगा। इसके लिए लोगों से भी अपील करेंगे कि वह इसके लिए साथ आएं।

---

# निर्जलीकरण और लू लगने के मामलों में वृद्धि

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● क्षेत्र में भीषण गर्मी जारी है और इंदौर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लू और निर्जलीकरण के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि की सूचना दी है। 'ओपीडी में निर्जलीकरण, बदन दर्द और तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में 15-20% की वृद्धि देखी जा रही है,' एमवाई अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने कहा। तापमान में अचानक हुई वृद्धि के कारण मानव शरीर को अनुकूलन के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया, जिससे चक्कर आना, उल्टी होना और सांस लेने में तकलीफ जैसी आपातकालीन स्थितियां उत्पन्न हो गईं। गंभीर मामलों में, मरीजों को अंत:शिरा ड्रिप और ऑक्सीजन सहायता की आवश्यकता पड़ी,' उन्होंने कहा।



स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि पांच साल से कम उम्र के बच्चे और 60 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक सबसे अधिक जोखिम में हैं। अस्थमा, हृदय रोग और मधुमेह जैसी पहले से मौजूद बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों में भी जोखिम बढ़ गया है।

ओपीडी में निर्जलीकरण के मामलों की रिपोर्ट करने के अलावा, हीटस्ट्रोक नियंत्रण क्लीनिकों में हीटस्ट्रोक के दो मामले सामने आए हैं, जिनमें से 40 क्लीनिक पूरे जिले में स्थापित किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसनी ने कहा, 'दोनों मरीजों का इलाज चल रहा है। 'उन्होंने आगे कहा, 'प्रत्येक जिला स्तरीय अस्पताल को गर्मी से संबंधित आपात स्थितियों के लिए एक विशेष विभाग संचालित करने का निर्देश दिया गया है।' उन्होंने यह भी बताया कि लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच सीधी धूप से बचने की सलाह दी गई है।

अधिकारियों ने निर्जलीकरण के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में हैंडपंपों के रखरखाव और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं। निवासियों से आग्रह किया गया है कि यदि उन्हें सुस्ती, मुंह सूखना या पेशाब कम आना जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत चिकित्सा सहायता लें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।